हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 30 सितंबर 2026

06 आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े विद्यार्थी प्रशिक्षित छात्राओं को प्रमाण-पत्र...



07 अशोकनगर नपा ने 25 साल 25 कहानियां कार्यक्रम किया आयोजित



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

रोटरी भवन गुना में 30 सितम्बर को विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

गुना। रोटरी क्लब गुना एवं भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड पाइपलाइन विभाग, बीना द्वारा सफाई एवं सैनिटाइजेशन कार्य से जुड़े कर्मचारियों के लिए विशेष स्वास्थ्य एवं सम्मान शिविर का आयोजन रोटरी भवन गुना में आयोजित किया जाएगा। रोटरी मीडिया प्रभारी विकास जैन ने बताया कि 30 सितंबर को स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के तहत रोटरी भवन गुना में सुबह 9 बजे से स्वच्छता व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सफाई कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए इस पहल के माध्यम से उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शिविर में बीपी, डायबिटीज और नेत्र शिविर की जांच की जाएगी साथ ही सफाई कर्मियों की सामान्य स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श तथा स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत स्वच्छता संबंधी जागरूकता प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही, कार्य के दौरान सुरक्षित रहने के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा एवं आवश्यक सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। सफाई कर्मियों के समर्पण और समाज के प्रति उनके योगदान को सम्मान देने के लिए उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। जिसको लेकर रोटरी अध्यक्ष श्याम अग्रवाल एवं सचिव शैलेश गुप्ता सहित रोटरी सदस्यों ने नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में सम्मिलित होकर स्वास्थ्य लाभ लेने का आग्रह किया गया है।

संस्कार भारती की नवीन कार्यकारिणी गठित

गुना। शहर में संस्कार भारती इकाई, जिला गुना की कार्यकारिणी का गठन राज्य महामंत्री मोतीलाल कुशवाह द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। अध्यक्ष का दायित्व यशवंत गिरी गोस्वामी (गुरुजी) एवं कार्यकारी अध्यक्ष संतोष दुबे को दिया गया। सुरेश कुमार शर्मा (आचार्य) जिला महामंत्री, बृज किशोर शर्मा सह महामंत्री, राजेंद्र कुमार सोनी कोषाध्यक्ष, डॉ रेनू मिश्रा मंचीय कला संयोजक, डॉक्टर अमित शर्मा दृश्य कला संयोजक, सुखवीर सिंह यादव लोक कला संयोजक, महेश कुमार शर्मा साहित्य जिला संयोजक, राहुल चौरसिया कला धरोहर विभाग एवं एडवोकेट पुनीत राय प्रचार प्रमुख चुने गए। नवीन कार्यकारिणी के गठन पर संस्कार भारती के सहयोगी एवं इष्टमित्रों द्वारा बधाइयां प्रेषित की गई।

गांधी वोकेशनल ऑटोनॉमस महाविद्यालय में शोक सभा आयोजित



गुना। गांधी वोकेशनल ऑटोनॉमस महाविद्यालय के संचालक अवधेश श्रीवास्तव के छोटे भाई का आकस्मिक निधन हो जाने के कारण संपूर्ण महाविद्यालय में शोक व्याप्त है। परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति और उनके परिवार को संबल प्रदान करने के लिए प्रार्थना करने हेतु शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के संचालक हरि शंकर विजयवर्गीय ने दिवंगत आत्मा के विषय में समस्त सदन को अवगत कराया महाविद्यालय से उनके अमूल्य और अमिट संबंधों के विषय में बताया एवं 2 मिनट के मौन साधना द्वारा परमात्मा से प्रार्थना की गई कि वह दिवंगत आत्मा और उनके परिवार को संबल प्रदान करें अपने श्री चरणों में स्थान दें।

जमीनी रंजिश में महिला और बचाव में आए ग्रामीण पर डंडे से हमला

गुना। जिले के बमोरी थाना क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा में पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर एक शराबी युवक ने महिला और उसे बचाने आए व्यक्ति के साथ डंडे से मारपीट कर दी। पीड़िता शायदा पति स्व. माधौ भिलाला की शिकायत पर बमोरी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता बकरी चराकर घर लौट रही थी, तभी रास्ते में गांव का भावसिंह भिलाला शराब के नशे में मिला और गाली-गलौज करने लगा। महिला द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने डंडे से हमला कर दिया, जिससे उसकी कलाई और पीठ में चोटें आईं। बीच-बचाव करने पहुंचे गांव के पटेल प्रताप भिलाला पर भी आरोपी ने डंडे से वार कर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

मंच पर जगह को लेकर भाजपा नेताओं में तीखी नोकझोंक

मंडल अध्यक्ष को मंच पर जगह नहीं मिलने से नाराज हुई विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

संगठन से तनातनी और अपने तल्ख तेवरों को लेकर चांचौड़ा की भाजपा विधायक प्रियंका मीणा (पेंची) एक बार फिर सुर्खियों में हैं। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित एक कार्यक्रम में उस वक्त हाई-वोल्टेज ड्रामा खड़ा हो गया, जब मंच पर अपने समर्थक मंडल अध्यक्ष को जगह न मिलने से महिला विधायक बुरी तरह बिफर गईं। बात इतनी बढ़ी कि भरे मंच पर विधायक की भाजपा जिला उपाध्यक्ष से तीखी बहस हो गई। विधायक के इस अप्रत्याशित व्यवहार से नाराज होकर पार्टी के जिलाध्यक्ष और जिला पंचायत अध्यक्ष मंच छोडक़र सीधे नीचे जमीन पर जाकर बैठ गए।

खेल मैदान पर नेताओं के बीच छिड़ी सियासी कुश्ती

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा एवं जनकल्याण के 25 वर्षों के कार्यकाल को समर्पित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वाराणसी से वड़नगर जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा गुना जिले की चांचौड़ा विधानसभा के बीनागंज पहुंची थी। यहां नगर भ्रमण



और खेल गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कृत करने के उपरांत स्थानीय बीनागंज स्कूल के कबड्डी मैदान में मुख्य संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान जब अतिथियों का मंच पर आसीन होने का सिलसिला शुरू हुआ, तो चांचौड़ा विधायक प्रियंका मीणा अपने समर्थक बीनागंज मंडल अध्यक्ष रामसेवक मीणा को मंच पर बैठाने की जिद पर अड़ गईं। जब उन्हें मंच पर जगह नहीं मिली, तो विधायक का पारा चढ़ गया। वे मंच पर पहले से बैठे भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह उर्फ निक्की से भिड़ गईं और दोनों के बीच सार्वजनिक रूप से जमकर जुबानी तीर चले।

हतप्रभ जिलाध्यक्ष और जिपं अध्यक्ष ने छोड़ा मंच

भरे मंच पर अपनी ही पार्टी की विधायक का यह उग्र रूप और जिला उपाध्यक्ष से तीखी नोकझोंक देख वहां मौजूद वरिष्ठ नेता हक्के-बक्के रह गए। विधायक के इस व्यवहार से बेहद आहत और नाराज होकर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार तथा जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़ तत्काल मंच से नीचे उतर आए और नीचे जमीन पर जाकर बैठ गए। यद्यपि मामले को तूल पकड़ता देख बाद में जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार ने सफाई देते हुए कहा कि मंच पर जगह सीमित थी और उन्हें यात्रियों के साथ बैठना था, इसलिए वे नीचे चले गए थे।

पहले भी मंचों पर दिखा चुकी हैं तेवर

चांचौड़ा विधायक का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पूर्व भी मानस भवन में आयोजित संत रविदास समरसता कार्यक्रम में कार्यक्रम के पूर्व कुर्सी न मिलने पर उन्होंने मंच पर ही भारी नाराजगी जाहिर की थी। वहीं, एक अन्य कृषि कार्यक्रम में महिलाओं पर दिए गए बयान को लेकर उनकी गुना के वरिष्ठ विधायक पन्नालाल शाक्य से भी भरे मंच पर तीखी तू-तू मैं-मैं हो चुकी है।

इनका कहना है...

- विवाद जैसी कोई बात नहीं है। मैंने तो सिर्फ मंडल अध्यक्ष को मंच पर बैठाने की बात कही थी।


-प्रियंका मीना पैंची,विधायक

- कुछ बैठने को लेकर बातचीत हो गई थी। मैं कहा कि सभी लोग यात्रियों के साथ बैठेंगे तो हम लोग नीचे चले गए थे। संगठन में एकजुटता है। उनके कुछ व्यक्तिगत स्वार्थ हो तो मैं कह नहीं सकता।

-धर्मेन्द्र सिकरवार
भाजपा जिलाध्यक्ष

शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण और बोरिंग रोकने कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण

एसडीएम के नाम सौंपा शिकायती आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर की आजाद कॉलोनी पटरी क्षेत्र के रहवासी मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे और शासकीय भूमि पर कथित अवैध कब्जे एवं बोरिंग निर्माण को तत्काल रुकवाने की मांग की। रहवासियों ने एसडीएम के नाम शिकायती आवेदन सौंपते हुए क्षेत्र में शासकीय जमीन पर किए जा रहे कथित अतिक्रमण की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। फरियादी जितेंद्र केवट पुत्र रामप्रसाद केवट सहित अन्य रहवासियों ने आवेदन में आरोप लगाया कि क्षेत्र में प्रकाश द्वारा शासकीय भूमि पर लगातार निर्माण कार्य कराया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, जब रहवासियों द्वारा इसका विरोध किया जाता है तो कथित रूप से गाली-गलौज एवं अभद्र व्यवहार किया जाता है। इसके अलावा आम रास्ते पर वाहन खड़े कर आवागमन में परेशानी पैदा करने का आरोप भी लगाया गया है।

बोरिंग मशीन पहुंचने के बाद बढ़ा विवाद

रहवासियों का कहना है कि संबंधित शासकीय भूमि पर पूर्व में कथित रूप से निर्माण किया गया था। अब उसी स्थान पर बोरिंग मशीन लगाकर पानी का बोर कराया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं ने प्रशासन से बोरिंग सहित कथित अवैध निर्माण को तत्काल रुकवाने की मांग की है। जनसुनवाई में शिकायत लेकर पहुंचीं अनीता, वर्षा केवट, जामबाई, पूजा, राजकुमार, रामकली और मंदर परिहार सहित अन्य रहवासियों ने कलेक्टोरेट में दस्तावेज एवं खसरा संबंधी जानकारी संलग्न कर आवेदन दिया।

30 साल बाद भी जमीन के नामांतरण के लिए भटक रहा किसान परिवार

जनसुनवाई में गले में तख्तियां टांगकर पहुंचा पीड़ित किसान

तत्कालीन कलेक्टर के आदेश का पालन कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में एक ऐसा मामला सामने आया जो शासकीय तंत्र की घोर लापरवाही और लालफीताशाही को उजागर करता है। राघौगढ़ तहसील के धरनावदा गांव से आए एक पीड़ित किसान परिवार ने गले में तख्तियां टांगकर कलेक्टोरेट परिसर में प्रदर्शन किया और अपनी ही जमीन के नामांतरण के लिए न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित रतिराम कुशवाह का कहना है कि तीन दशक पहले उनके पिता ने धरनावदा पुलिस थाने के भवन निर्माण के लिए अपनी कीमती जमीन शासन को दे दी थी, लेकिन 30 साल बीत जाने के बाद भी शासन द्वारा बदले में दी गई जमीन का नामांतरण उनके नाम दर्ज नहीं हो सका है।

मामले के अनुसार वर्ष 1996 में ग्राम धरनावदा निवासी पूरनलाल पुत्र खूबचंद काछी (कुशवाह) की मालिकाना हक वाली भूमि सर्वे नंबर 181 रकबा 0.690 हेक्टेयर को थाना भवन निर्माण के लिए लिया गया था। तत्कालीन कलेक्टर इकबाल सिंह बैंस ने प्रकरण क्रमांक 26/अ-19/95-96 में 16 जुलाई 1996



को विधिवत आदेश पारित कर आवेदक की जमीन पुलिस थाने के नाम दर्ज करते हुए बदले में शासकीय भूमि सर्वे नंबर 33 में से 0.690 हेक्टेयर भूमि पूरनलाल को देने और राजस्व अभिलेखों में प्रविष्टि के आदेश दिए थे। कलेक्टर के आदेश के बाद शासन ने किसान की जमीन तो तत्काल शासकीय रिकॉर्ड में धरनावदा थाने के नाम दर्ज कर ली, परंतु जो भूमि किसान को विनिमय (अदला-बदली) में दी गई थी, उसे आज तक राजस्व अभिलेखों में किसान के नाम नामांतरित नहीं किया गया। भूमि स्वामी पूरनलाल कुशवाह का वर्ष 2018 में निधन हो चुका है और अब उनके पुत्र रतिराम कुशवाह न्याय पाने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। पीड़ित रतिराम ने बताया कि जब वे अधिकारियों के पास जाते हैं तो प्रशासनिक विरोधाभास देखने को मिलता है। तहसीलदार कहते हैं कि जमीन उनके नाम दर्ज हो चुकी है, जबकि हल्का पटवारी का कहना है कि रिकॉर्ड में उनके नाम कोई जमीन नहीं दर्शाई जा रही है। इस प्रशासनिक उदासीनता से तंग आकर पीड़ित परिवार को हाथों में तत्कालीन कलेक्टर का आदेश और अपनी मांग की तख्तियां लेकर जनसुनवाई में पहुंचना पड़ा। पीड़ित ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि 30 साल पुराने इस विनिमय आदेश का शीघ्र पालन कराते हुए सर्वे नंबर 33 की भूमि का नामांतरण उनके नाम किया जाए।

विश्व रेबीज दिवस पर जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

स्वास्थ्य संस्थानों, स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर दी रेबीज से बचाव की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में जिलेभर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वास्थ्य संस्थानों, स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित कार्यक्रमों में लोगों को रेबीज के लक्षण, बचाव के उपाय एवं टीकाकरण की जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि 28 सितंबर को प्रतिवर्ष विश्व रेबीज दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को रेबीज जैसी घातक बीमारी से बचाव के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि कुत्ते या किसी अन्य संदिग्ध संक्रमित जानवर के काटने अथवा खरोंचने पर घाव को तुरंत बहते हुए साफ पानी से करीब 15 मिनट तक धोना चाहिए। इसके बाद बिना देरी किए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए।

कुत्ते के काटने पर लापरवाही न बरतें

स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि कुत्तों के पास जाते समय सावधानी बरतें। यदि कोई कुत्ता पास आए तो भागने के बजाय शांत खड़े रहें और उसे मारने या परेशान करने से बचें। कुत्ते का पीछा करने या तेज गति से वाहन चलाने से भी बचना चाहिए। बच्चों को विशेष रूप से आवारा या अपरिचित कुत्तों से दूरी बनाए रखने के लिए समझाने की सलाह दी गई है। कुत्तों को उस समय परेशान नहीं करना चाहिए, जब वे सो रहे हों, भोजन कर रहे हों, अपने पिल्लों के साथ हों, पिल्लों को दूध पिला रहे हों या डरे अथवा आक्रामक नजर आ रहे हों।अन्य संक्रमित जानवरों से भी फैल सकता है रेबीज स्वास्थ्य विभाग के अनुसार आम धारणा है कि रेबीज केवल कुत्तों से फैलता है, जबकि संक्रमित अन्य स्तनधारी जानवरों के संपर्क से भी इसका खतरा हो सकता है। संक्रमित जानवर की लार खुली चोट आने पर संक्रमण का जोखिम रहता है।

शराब पीकर गालियां देने से मना किया तो भाई ने डंडे से पीटा

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम रिजौदा में शराब के नशे में गाली-गलौज का विरोध करने पर एक युवक ने अपने ही सगे भाई के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। पीड़ित चैनसिंह पुत्र भूरेलाल अहिरवार की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भाई के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फरियादी के अनुसार गत सुबह करीब 7 बजे उसका भाई मुनेश अहिरवार शराब पीकर आया और परिजनों को गाली-गलौज करने लगा। जब फरियादी ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने आंगन में पड़ा डंडा उठाकर हमला कर दिया। मारपीट में पीड़ित के हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं व खून बहने लगा। पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

डीआईजी ने किया एआई आधारित पुलिस प्रबंधन एप का शुभारंभ

अब एआई तय करेगा पुलिसकर्मियों की ड्यूटी और हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला पुलिस बल की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से गुना पुलिस ने एक बड़ी तकनीकी पहल की है। अब शहर में पुलिस जवानों की हाजिरी और ड्यूटी का प्रबंधन एआई आधारित मोबाइल ऐप के जरिए किया जाएगा। इस नई प्रणाली के तहत किस क्षेत्र में कितने पुलिस बल की आवश्यकता है, यह ऐप स्वयं तय करेगा। ग्वालियर रेंज के डीआईजी डॉ. असित यादव ने मंगलवार को अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान इस अत्याधुनिक ऐप का विधिवत शुभारंभ किया। डीआईजी डॉ. असित यादव के दो दिवसीय गुना दौरे के दूसरे दिन पुलिस लाइन में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ।



कार्यक्रम के दौरान डीआईजी ने एआई कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित पुलिस प्रबंधन ऐप का लोकार्पण किया। इस ऐप को तैयार करने वाले आईआईटी छात्र निखिल ने इसकी कार्यप्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस संवेदनशील स्थान पर कितने जवानों की जरूरत है और वहां किस रैंक के अधिकारी तैनात होने चाहिए, यह सब सिस्टम में फीड प्रोग्राम के आधार पर अपने आप तय होगा। पुलिसकर्मियों को उनकी ड्यूटी का चार्ट एक दिन पहले ही उनके मोबाइल पर प्राप्त हो जाएगा। इसके अलावा जवान अपनी ड्यूटी के स्थान पर समय पर पहुंचे या नहीं, इसकी डिजिटल हाजिरी भी ऐप के माध्यम से ही दर्ज की जाएगी।

मासिक मूल्यांकन के आधार पर चुने जाएंगे पुलिसकर्मी

इस नई व्यवस्था में जवानों के काम को मापने के लिए एक विशेष पॉइंट सिस्टम भी जोड़ा गया है। पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए दैनिक कार्यों, अपराधों के निराकरण और उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उन्हें अंक दिए जाएंगे। महीने के अंत में इन्हीं अंकों की गणना कर सर्वश्रेष्ठ पुलिस अधिकारी और कर्मचारी का चुनाव किया जाएगा। यह पूरा प्रोजेक्ट तीन अलग-अलग चरणों में लागू किया जा रहा है। इसमें ई-प्रबंध पोर्टल, सुरक्षा कवच और क्वार्टर आवंटन जैसी सुविधाओं को एक साथ जोड़ा जाएगा।

डीआईजी ने सैनिक दरबार में सुनी समस्याएं

इससे पहले डीआईजी ने परेड ग्राउंड पर सलामी ली और परेड का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके उपरांत उन्होंने पुलिस जिम, मेस और परिसर की अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सैनिक सम्मेलन में पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक हितिका वासल और एएसपी प्रशांत सिंह सुमन ने उनका स्वागत किया। डीआईजी ने सैनिक दरबार में उपस्थित अधिकारियों और जवानों से सीधा संवाद कर समस्याएं सुनीं।

सेवा संकल्प अभियान के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत प्रातः 8 बजे खेल और युवा कल्याण विभाग तथा जिला प्रशासन द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी खेल प्रांगण से मैराथन को हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ कराया। मैराथन आकाशवाणी रोड, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक बंगले के सामने से होते हुए कैंट रोड, हनुमान चौराहा, नगर पालिका, अंबेडकर चौराहा होते हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिंथेटिक ट्रैक पर संपन्न हुई। समापन पर डिप्टी कलेक्टर देवांशु शिवहरे एवं ओम प्रकाश शर्मा, क्रीड़ा अधिकारी, शिक्षा विभाग द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले धावकों को पुरस्कार वितरित किए गए।

समाचार संक्षेप

सीएमओ ने बस स्टैंड पर निर्माणाधीन दुकानों का किया निरीक्षण



राघौगढ़। मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव ने नगर पालिका राघौगढ़-विजयपुर के बस स्टैंड परिसर में निर्माणाधीन दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित ठेकेदार को कार्य में तेजी लाते हुए जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीएमओ ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता और निर्धारित समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के लिए भी निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका का स्टाफ एवं संबंधित ठेकेदार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

नगर प्रवेश पर भाजपा नेताओं ने किया जल जन सेवा संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत



चाचौड़ा-बीनागंज। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत निकाली जा रही जल-जन सेवा संकल्प यात्रा का नगर परिषद चाचौड़ा-बीनागंज क्षेत्र स्थित बाग बागेश्वर धाम में आगमन हुआ। यहां भाजपा नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने यात्रा का आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया। यात्रा में शामिल सदस्यों के साथ स्वच्छता अभियान चलाकर एवं पौधरोपण कर स्वच्छ एवं हरित नगर का संकल्प लिया गया। इसके बाद भगवान बागीश नाथ जी के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की गई।इस दौरान साधु-संतों, जनप्रतिनिधियों, सफाई मित्रों एवं यात्रा में शामिल यात्रियों का सम्मान एवं सत्कार किया गया। कार्यक्रम में भाजपा विधायक प्रियंका पेची, मंडल अध्यक्ष प्रद्युम्न मीणा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सुनीता नाटानी, भाजपा उपाध्यक्ष जगदीश मीना,भोला सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मिनी मैराथन को लेकर पेंशनर संघ की बैठक धावकों को वितरित की दौड़ किट

राघौगढ़। शासकीय पेंशनर संघ राघौगढ़ की विशेष बैठक रविवार को प्रखर कोचिंग पर आयोजित हुई। बैठक में 1 अक्टूबर 2026 को आयोजित होने वाली मिनी मैराथन के संबंध में तैयारियों पर चर्चा की गई तथा धावकों को दौड़ किट वितरित की गई। पंकज दीक्षित, योगेंद्र भारिल्य एवं ललित वास्त्री ने मैराथन के नियमों की जानकारी दी। मिनी मैराथन सुबह 7:30 बजे मंगल भवन से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंगल भवन पर समाप्त होगी।



28 दिवसीय निःशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े विद्यार्थी प्रशिक्षित छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन




उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशों के तहत शासकीय महाविद्यालय राघौगढ़ में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित 28 दिवसीय निःशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण शिविर का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।

प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को पारंपरिक शिक्षा के साथ व्यावसायिक कौशल प्रदान कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. माया परस्ते ने की। उन्होंने अपने संबोधन में छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान समय में किताबी ज्ञान के साथ तकनीकी एवं व्यावसायिक कौशल का होना भी बेहद आवश्यक है। समारोह में सेडमेप , गुना से मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे आर.के. शुक्ला ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने स्वरोजगार एवं कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रशिक्षण से प्राप्त हुनर का उपयोग आत्मनिर्भर बनने के लिए करने की प्रेरणा दी।

समापन समारोह में महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. जवाहरलाल द्विवेदी एवं पूर्व प्राध्यापक डॉ. पी.के. झा भी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. पूनम नामदेव ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण सीखने का अंत नहीं, बल्कि उज्ज्वल और आत्मनिर्भर भविष्य की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि ब्यूटी पार्लर जैसे व्यावसायिक हुनर के माध्यम से छात्राएं रोजगार एवं स्वरोजगार की अनेक संभावनाएं तलाश सकती हैं। प्रशिक्षण के दौरान ब्यूटीशियन उषा धाकड़ ने प्रशिक्षक के रूप में छात्राओं को ब्यूटी पार्लर एवं स्किनकेयर से संबंधित विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षित छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। प्रमाण-पत्र प्राप्त करते समय छात्राओं में प्रशिक्षण को लेकर उत्साह और आत्मविश्वास स्पष्ट नजर आया।

नवनियुक्त पदाधिकारी को कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे के निर्देशानुसार तथा भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रजनी ओझा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार के मार्गदर्शन में जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें आरोन की भाजपा महिला नेत्री श्रीमती अनीता जैन को भाजपा महिला मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अनीता जैन की नियुक्ति पर भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष अनीता जैन ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इन कार्यकर्ताओं ने दी शुभकामनाएं: अनीता जैन को बधाई देने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरजीत सिंह धाकड़, भाजपा पार्षद बृजेंद्र सिंह राजपूत, राजवीर रघुवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद शर्मा, डॉ. राजीव सिंह राजावत, मुनीष जैन, पीएम मन की बात मंडल प्रभारी रुस्तम खान, गोलू अहिरवार, शेखर अहिरवार, सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

152 वर्ष पुरानी रामलीला की परंपरा इस वर्ष भी रहेगी कायम



हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा

नगर की 152 वर्ष पुरानी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा श्री आदर्श रामलीला का आयोजन इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जाएगा। बताया जाता है कि रामलीला की शुरुआत उस समय हुई थी, जब जमीलउद्दीन वकील और गोरेलाल विश्वकर्मा रामनगर से रामलीला का निमंत्रण लेकर चाचौड़ा आए थे। इसके बाद से यह परंपरा निरंतर चली आ रही है। शुरुआती दौर में रामलीला का मंचन लालटेन और मशाल की रोशनी में किया जाता था। वर्ष 1962 में चाचौड़ा में बिजली पहुंचने के बाद रामलीला का मंचन सदर बाजार के बीच होने लगा। 1960 के दशक में स्वर्गीय जीवनलाल जी और मुनि महाराज राम-लक्ष्मण की भूमिका निभाते थे। समय के साथ रामलीला के मंचन में कई बदलाव आए, लेकिन इसकी परंपरा आज भी उसी श्रद्धा और उत्साह के साथ कायम है। रामलीला की प्रमुख परंपराओं में यह भी शामिल है कि भगवान राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की भूमिका ब्राह्मण समाज के कलाकारों द्वारा ही निभाई जाती है। रामलीला समिति द्वारा इस परंपरा का आज भी विशेष रूप से किया जा रहा है।

स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के विरोध में सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

क्षेत्र में उपभोक्ताओं के घरों पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने को लेकर बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि कुछ क्षेत्रों में उपभोक्ताओं की आपत्तियों के बावजूद स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगवाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन के सदस्य महेन्द्र नायक ने कहा कि गौड़ मोहल्ला, सियाराम कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्रों में बिजली कंपनी के कर्मचारियों द्वारा स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिए उपभोक्ताओं से आग्रह किया जा रहा है। एसोसिएशन का आरोप है कि कुछ उपभोक्ताओं को मीटर नहीं लगवाने की स्थिति में बिजली कनेक्शन काटने अथवा अन्य कार्रवाई की बात कहकर डराया-धमकाया जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि कई उपभोक्ताओं के घरों में पहले से मीटर लगे हैं और वे सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं की आपत्तियों और आशंकाओं को सुने बिना मीटर बदलने को लेकर दबाव नहीं बनाया जाना चाहिए।

युवाओं ने लिया जल संरक्षण जनसेवा-राष्ट्रसेवा का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के 'जल, जन और सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत वाराणसी से बड़नगर तक निकाली जा रही यात्रा का खटकिया-कुंभराज में आत्मीय स्वागत एवं सहभागिता करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर युवा साथियों के साथ जल संरक्षण, जनसेवा एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन का संकल्प लिया। कार्यक्रम में चाचौड़ा विधायक प्रियंका पेंची, विधायक पन्नालाल शाक्यवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश मीना, जिला मंत्री आशा महावीर, मंडल अध्यक्ष रोहित कासट, नगर परिषद कुंभराज अध्यक्ष शारदा देवी साहू, नगर परिषद उपाध्यक्ष विक्रम मीना, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष ब्रजमोहन मैथिल, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष जयसूर्या, प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष अमन यादव, निखिल अरोरा, युवा मोर्चा जिला महामंत्री रवि गुर्जर, जिला मंत्री जयदीप ओझा, ऋतिक चौहान, अनु शर्मा, जगदीश शिवहरे जी सहित भाजपा एवं युवा मोर्चा के अनेक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नारायणपुर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पॉलिटेक्निक कॉलेज का भ्रमण कर तकनीकी ज्ञान को जाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

हायर सेकेंडरी स्कूल नारायणपुर के छात्र-छात्राओं ने औद्योगिक भ्रमण के तहत प्राचार्य भोलाराम शर्मा जिला व्यावसायिक शिक्षा समन्वयक अनिल खंतवाल के निर्देशन में पॉलिटेक्निक कॉलेज का अवलोकनकर व्यवहारिक ज्ञान एवं कौशल आधारित शिक्षा व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की।

प्राचार्य द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार के संयुक्त प्रयासों से व्यावसायिक शिक्षा संचालित की जा रही है जिसका उद्देश्य है कि छात्र पढ़ाई के साथ-साथ व्यवहारिक कौशल आधारित शिक्षा भी सीखें ताकि रोजगार की संभावना बढ़ सके और वह अपने जीवन में शासकीय नौकरी के अलावा खुद भी अपने पैरों पर खड़े होकर अपना स्वयं का रोजगार और व्यवसाय कर सके। विद्यालय में तीन जॉब रोल ब्यूटी एंड वैलनेस एग्रीकल्चर तथा इसी सत्र से नया जॉब रोल कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रारंभ किया गया है। विचार कौशल आधारित शिक्षा स्कूलों में विद्यार्थी एक विषय के रूप में तीसरी अथवा दूसरी भाषा के विकल्प विकल्प के रूप में चयन करते हैं। मंगलवार को विद्यालय की ब्यूटी वैलनेस की छात्राएं वेबसाइट शिक्षक रिचा शर्मा एग्रीकल्चर के छात्र व्यावसायिक शिक्षण नीलेश रघुवंशी तथा एआई के छात्र इंस्ट्रेक्टर देवेंद्र अहिरवार के साथ पॉलिटेक्निक कॉलेज का भ्रमण किया जिसमें छात्रों ने सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक, कंप्यूटर लैब, मिट्टी परीक्षण एवं तकनीकी डिपार्मेंट देखें जहां विशेषज्ञ द्वारा छात्र-छात्राओं को सूक्ष्मता से अपने-अपने डिपार्टमेंट की जानकारी दी गई छात्र- छात्राओं द्वारा इस दौरान प्रश्न पूछे गए जिनका विशेषज्ञ द्वारा समाधान किया गया। सचिन शर्मा व्याख्याता द्वारा हुनर कौशल आधारित शिक्षा पर जोर देते हुए कॉन्फ्रेंस कर करियर चुनने की जानकारी दी गई।



शहर और ग्रामीण अचंलों से 202 आवेदक जनसुनवाई में अपनी समस्याओं के आवेदन लेकर पहुंचे

अशोकनगर। प्रति मंगलवार को होने वाली जन सुनवाई के कार्यक्रम के चलते शहर और ग्रामीण अंचलों से 202 आवेदक अपनी समस्याओं के आवेदन लेकर पहुंचे, जिन्हें कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा समक्ष में सुना गया और निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में महाना निवासी राजोबाई द्वारा पट्टे की भूमि पर कब्जा हटवाये जाने,ग्राम देसाना निवासी कन्हैराम अहिरवार द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,ग्राम कुकरेठा निवासी मलखान अहिरवार द्वारा प्रकरण निराकरण कराये जाने,ग्राम सोनेरा निवासी राजाराम द्वारा बी.पी.एल सूची में नाम जोड़े जाने,ग्राम राजेबामोरा निवासी जसवंत अहिरवार द्वारा पट्टा अमल कराये जाने,कदवाया निवासी भारती अहिरवार द्वारा अतिथि शिक्षक को कम स्कोर पर रखने के संबंध में,ग्राम लखेरीबसारती निवासी जस्मन अहिरवार द्वारा किसान सम्मान निधि दिलाये जाने,ग्राम छीपोन निवासी राजधर राजपूत द्वारा सीमांकन कराये जाने,ग्राम सोनेरा निवासी गोलू शर्मा द्वारा रास्ता दिलाये जाने,ग्राम देवतखिरिया निवासी छत्ता ढीमर द्वारा वृद्धा पेंशन स्वीकृत कराये जाने,ग्राम धतुरिया निवासी गोदा अहिरवार द्वारा भूमि अमल कराये जाने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर द्वारा प्राप्त आवेदनों का संबंधित अधिकारियों द्वारा निराकरण किये जाने के निर्देश दिए है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के ए.डी.आर. सेंटर में आयोजित हुआ ऑनलाइन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के तत्वावधान में श्रवण एवं वाक दिव्यांगजनों, विशेषकर बच्चों एवं किशोरों को विधिक जागरूकता, शिक्षा, आत्मविश्वास एवं सामाजिक समावेशन से जोड़ने के उद्देश्य से "अनुगूँज से उद्घोष" (विषय पर एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम एवं विशेष सत्र का आयोजन 29 सितम्बर 2026 को किया गया।

उक्त कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर सतीश चंद्र शर्मा, जिला न्यायाधीश सुनील कुमार कौशिक, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष अनुरागी, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा तथा सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग के रामवीर धाकड़ की उपस्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर स्थित ए.डी.आर.सेंटर में कार्यक्रम में ऑनलाइन सहभागिता की गई। इस अवसर पर श्रवण एवं वाक दिव्यांग बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कार्यक्रम का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्रवण एवं वाक दिव्यांग बच्चों एवं किशोरों को ज्ञान, कौशल, आत्मविश्वास एवं जागरूकता से सशक्त बनाना तथा उन्हें सामाजिक, भावनात्मक, डिजिटल एवं शैक्षणिक चुनौतियों का सामना करने हेतु सुलभ एवं सांकेतिक भाषा आधारित समावेशी शिक्षा एवं विधिक जानकारी उपलब्ध कराना रहा। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जिले से चिन्हित प्रतिभागियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के परिसर में एकत्रित कर कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से जोड़ा गया। प्रतिभागियों द्वारा यूट्यूब लाईव के माध्यम से कार्यक्रम की कार्यवाही देखी एवं सुनी गई तथा विशेष सत्र में भी ऑनलाइन सहभागिता की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातःकालीन सत्र में विभिन्न विषयों पर जानकारी एवं जागरूकता प्रदान की गई, जबकि शाम 05 बजे से 06 बजे तक मिनट टू मिनट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आज प्रत्येक व्यक्ति अपने आप में कमजोर है: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रत्येक व्यक्ति कमजोर हो रहा है। कोई मानसिक रूप से कमजोर है, कोई शारीरिक रूप से कमजोर है और आर्थिक रूप से कमजोर है। इस कमजोरी को दूर करने का एक मात्र तरीका है, सेवा। हम अपने जीवन का कुछ समय इन सेवा कार्यों के लिये निकाले। जितनी-जितनी हम दूसरों की सेवा करते जाते हैं, उस सेवा के प्रतिफल स्वरूप हमें एक अलौकिक शक्ति प्राप्त होती जाती है। कहते भी हैं सेवा से मिलता है मेवा। आज मेवा तो सब चाहते हैं पर सेवा की ओर कोई दृष्टि नहीं रहती है। उन्होंने बताया कि आचार्यों ने कहा है कि भूत अनुकम्पा प्राणी मात्र के ऊपर अनुकम्पा करो, करुणा करो, प्रेम करो, वात्सल्य करो। इस प्रसंग पर अगर कोई प्रश्न उठाता है कि क्यों करो? तो आचार्य भगवन इसका उत्तर देते हैं यह कार्य आपके जीवन में खुश-शांति और साता प्रदान करने वाले हैं। इतिहास साक्षी है जिसने देश की सेवा, देव की सेवा, गुरु की सेवा, शास्त्रों की सेवा, माता-पिता की गौ सेवा आदि की है, वे ही इस संसार में प्रसिद्धि को प्राप्त हुये हैं। कई व्यक्तित्व संसार में ऐसे भी मिल जायेंगे जो कि प्रसिद्धि के लिये कई कार्य करते हैं फिर भी उनकी प्रसिद्धि नहीं होती। इसलिये आचार्यों ने कहा है कि दृष्टि में अपेक्षा ना रखें। निरपेक्ष भाव से की गई सेवा आपको महान शक्तिशाली बना देती है।

चंदेरी बीईओ को पद से हटाया गया राजेश तिवारी बने नए ब्लॉक शिक्षा अधिकारी

चंदेरी। सेवा संकल्प अभियान के कार्यक्रम के दौरान स्कूली बालिकाओं को कई घंटे तक बैठाए रखने और भोजन के नाम पर मात्र दो केले दिए जाने के मामले में हरिभूमि में प्रकाशित खबर के बाद शिक्षा विभाग ने कार्रवाई की है। चंदेरी के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को उनके पद से हटा दिया गया है। उनके स्थान पर राजेश तिवारी को नया ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। दरअसल 27 सितंबर को प्रकाशित खबर में बताया गया था कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों से बालिकाओं को दोपहर करीब 12 बजे कार्यक्रम स्थल पर बुलाया गया था और उन्हें शाम तक बैठाए रखने के आरोप लगे थे। कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची कई बालिकाओं को भोजन के लिए इंतजार करना पड़ा, जबकि उन्हें कथित तौर पर केवल दो केले दिए गए। मामले को लेकर सवाल उठने के बाद शिक्षा विभाग ने इसे गंभीरता से लिया। इसके बाद चंदेरी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को पद से हटाने की कार्रवाई की गई और राजेश तिवारी को नया बीईओ नियुक्त किया गया। हरिभूमि की खबर के बाद हुई इस कार्रवाई से यह संदेश गया है कि स्कूली बच्चों से जुड़े कार्यक्रमों में भोजन, पानी, बैठने और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को गंभीरता बरतनी होगी।

विकासखंड स्तरीय कालिदास समारोह का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



आयुक्त लोक शिक्षण मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार संस्कृत भाषा के विकास हेतु विकासखंड स्तरीय कालिदास समारोह शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में संपन्न हुआ। जिसमें श्लोक गायन कनिष्ठ वर्ग में कुमारी रुबी रघुवंशी ने प्रथम कुमारी वंशिका कुशवाहा ने द्वितीय संजय अहिरवार ने तृतीय स्थान एवं वरिष्ठ वर्ग में उमा चिढ़ार ने प्रथम अंतिम शर्मा ने द्वितीय दिव्या जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया नृत्य नाटिका में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी सी एस सिसोदिया प्राचार्य बीके बमोरिया अनिल खंतवाल व्यावसायिक जिला शिक्षा प्रभारी एपीसी बलवीर सिंह बुंदेला विनोद सिहारे प्राचार्य जगदीश शर्मा राजेंद्र चैधरी प्रियंका जैन मुकेश सोनी रश्मि रघुवंशी श्याम किशोर शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला संस्कृत प्रभारी बलराम शर्मा ने किया।

2 अक्टूबर को जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन होगा

अशोकनगर। जिला शतरंज एसोसिएशन अशोकनगर द्वारा जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 2 अक्टूबर शुक्रवार (गांधी जयंती) को किया जा रहा है। प्रतियोगिता प्रातः 9.30 बजे से आयोजित होगी। प्रतिभागियों के लिए रिपोर्टिंग समय प्रातः 9.00 बजे निर्धारित किया गया है। स्थान में परिवर्तन एसोसिएशन ने जानकारी दी है कि पूर्व में प्रतियोगिता का स्थान रघुवंशी धर्मशाला, अशोकनगर निर्धारित किया गया था, जिसे बदलकर अब अमर मैरिज गार्डन, अशोकनगर कर दिया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष के.पी. रघुवंशी एवं सचिव सतीश चैरसिया ने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर-8, अंडर-12, अंडर-15, अंडर-18 एवं ओपन कैटेगरी रखी गई है। कुल 50,000 रुपये के नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफियां प्रदान की जाएंगी। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे। प्रवेश शुल्क अंडर-8, 12, 15, 18 के लिए 300 रुपये एवं ओपन कैटेगरी के लिए 500 रुपये रखा गया है। रजिस्ट्रेशन किड्जी स्कूल, विदिशा रोड, अशोकनगर में किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा की

कलेक्टर और एसपी सहित अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मंगलवार को वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से कलेक्टर,पुलिस अधीक्षकों की बैठक लेकर सेवा संकल्प अभियान 2026 के संबंध में विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 03 एवं 04 अक्टूबर को ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में आयोजित होने वाले सेवा सेतु अभियान अंतर्गत शिविरों के आयोजन,सेवा की कहानी से संबंधित फोटो,वीडियों,सेवा मेरा योगदान के अंतर्गत 02 अक्टूर से 10 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाली गतिविधियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में नशा मुक्त अभियान अंतर्गत मादक पदार्थो की रोकथाम के संबंध में जनजागरूकता अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के अंतर्गत बसों के संचालन हेतु जिलों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एनआईसी कक्ष अशोकनगर में कलेक्टर साकेत मालवीय,पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

अज्ञात चोर विद्युत तार चोरी कर ले गए

अशोकनगर। जिले के कचनार थाने के अंतर्गत रामवीर यादव निवासी महुआखेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि तूमैन विधुत फीडर के अंतर्गत अज्ञात चोर 22000 रूपए कीमत का बिजली का तार चोरी कर ले गए। जिस पर से पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

अज्ञात ट्रैक्टर ने टक्कर मारी

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत भानगढ़ निवासी राजपाल लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात लाल रंग के ट्रेक्टर ने महुआखेडी रोड पर अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे फरियादी व उसके बहनें घायल हो गईं।

वृद्धजनों का होगा सम्मान

अशोकनगर। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग जिला-अशोकनगर द्वारा 01 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र, अशोकनगर में प्रातः 01 बजे वृद्धजनों हेतु सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरानर वृद्धजनों का सम्मान के साथ ही साथ उनका स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार भी किया जायेगा। कार्यक्रम स्थल पर वृद्धजनों हेतु भोजन व्यवस्था भी की गई है। इस कार्यक्रम में 100 वर्ष से या इससे अधिक आयु वाले वृद्धजनों को शॉल, श्रीफल एवं रू.1000 की नगद राशि से भी सम्मानित किया जायेगा।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत त्रिलोकपुरी कॉलोनी निवासी हरनाम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी देवेन्द्र, रामराजा, राजू, विवेक और रवनद्रि अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से रविन्द्र अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि हरनाम, विशाल, हरिराम,धनपाल, अनिल और गोलू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिद्धि विनायक कॉलोनी भरत यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पूर्ति यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अम्बेडकर मोहल्ला निवासी कल्ला धुर्रेटे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दीपक और मुसाब अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गरेंठी निवासी शिवम शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोलू ,रितिक, हरिनारायण और लल्लू शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से रितिक शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वंशीलाल,शिवम बबलू और अमन शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कालाबाग निवासी घनश्याम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामकृष्ण कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

शाढ़ौरा में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त

अशोकनगर नपा ने 25 साल 25 कहानियां कार्यक्रम किया आयोजित

चंदेरी में कर्मचारी जनप्रतिनिधियों के बैठने से नहीं कर पा रहे हैं काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले की 3 नगरीय निकाय संस्थाओं में मंगलवार को अलग अलग परिस्थितियां देखने को मिलीं। एक और जहां अशोकनगर की नगरपालिका संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा की कहानी और 25 साल 25 कहानियां आयोजित कर रही थीं तो दूसरी ओर शाढ़ौरा नगर परिषद के अधिकारी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल कराने में लगे थे। तो तीसरी और चंदेरी नगरपालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों का दर्द उभरकर सामने आया। वह यह कहते हुए नजर आए कि बिना किसी काम के दिन भर जनप्रतिनिधि उनके चेम्बर में आकर बैठ जाते हैं जिससे वह काम नहीं कर पा रहे हैं। इन तस्वीरों की विस्तार से जानकारी आपके सामने है।

अशोकनगर नपा ने 25 साल 25 कहानियां कार्यक्रम का आयोजन किया

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत नगरपालिका अशोकनगर द्वारा सेवा की कहानी एवं 25 साल 25 कहानियां कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से आमजन के जीवन में हुए बदलाव की कहानियां जो हितग्राहियों द्वारा अपने अनुभव के रूप में प्रस्तुत किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, पी एम स्वनिधि, सम्बल योजना, पात्रता पर्ची, पेंशन एवं विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों ने अपनी सफलता की कहानी मुख्य अतिथि के समक्ष सुनाई गई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य योजनाओं की हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, उपाध्यक्ष रीना शर्मा, पार्षद महेंद्र भारद्वाज, विपिन शिवहरे, डॉ जयमंडल यादव, गोपाल ओझा, राशिद खान, राजकुमार यादव, जयप्रकाश अग्रवाल, वर्षा बड़कुल, यशलोक चैधरी, सोनू सुमन, मोनू रघुवंशी गीता आर्य सहित बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद रहे।

शाढ़ौरा नगर परिषद के अधिकारियों ने सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त कराई



सफाई कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की जा रही थी, जिसके कारण इस कस्बाई क्षेत्र में कचरे के ढेर नजर आ रहे थे, शाढ़ौरा के सीएमओं शमशाद पठान के द्वारा सफाई कर्मचारियों की मांगों को सुना गया और उनके आश्वासन के बाद सफाई कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है। हड़ताल के छटवे दिन दोपहर के बाद दो महीने में मांगों का निराकरण करने के लिखित आश्वासन के बाद हड़ताल समाप्त होने से लोगों ने राहत की सांस ली।
उल्लेखनीय है कि पिछले छह दिनों ने नगर परिषद के सफाई कर्मचारी हड़ताल पर थे। इस वर्ष यह उनकी दूसरी हड़ताल थी। इससे पहले मार्च भी उन्होंने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल की थी। तब किसी तरह समझौता हो गया था और लिखित आश्वासन के बाद सफाईकर्मी अपने काम पर वापस लौट आए थे। लेकिन लिखित आश्वासन के बाद भी अब तक पीएफ की राशि डलवाने सहित अन्य मांगे पूरी नहीं हुई, जिसके बाद कर्मचारी दोबारा हड़ताल पर चले गए थे।

पेनाल्टी भर दी, पर राशि जमा नहीं की

इधर पीएफ के मुद्दे पर नगर परिषद का एक लापरवाही भी सामने आई है। पीएफ राशि समय पर जमा न होने के कारण ग्वालियर कार्यालय द्वारा नगर परिषद पर 58 लाख रुपए की पेनल्टी लगाई गई थी। जिसे परिषद ने जमा कर दिया। जबकि यह राशि यदि कर्मचारियों के पीएफ खाते में जमा होती तो आज इतनी बड़ी समस्या का सामना नहीं करना पड़ता। पिछले सात सालों से उनकी पीएफ की राशि जमा नहीं हुई है।

कार्यालय खुलते ही कुछ जनप्रतिनिधि कार्यालय में बैठ जाते हैं

नगर पालिका कार्यालय में कुछ जनप्रतिनिधियों की लगातार मौजूदगी से आमजन और कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि कार्यालय खुलते ही कुछ जनप्रतिनिधि विभिन्न शाखाओं में जाकर बैठ जाते हैं। खासतौर पर निर्माण, लेखा, राजस्व शाखा और सीएमओ चैंबर में दिनभर उनकी मौजूदगी बनी रहती है। इसके चलते आमजन को अधिकारियों और कर्मचारियों से मिलने में कठिनाई होती है और कई लोगों के जरूरी काम भी प्रभावित होते हैं। बताया जा रहा है कि ये जनप्रतिनिधि शाम को कार्यालय बंद होने के बाद ही वहां से रवाना होते हैं। सवाल यह है कि जनप्रतिनिधियों की इस तरह कार्यालय में लगातार मौजूदगी से क्या आम नागरिकों और कर्मचारियों के काम प्रभावित नहीं हो रहे हैं।

इनका कहना है

सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर शासन स्तर पर पत्राचार किया है। पीएफ के लिए डेढ़ करोड़ रुपए की राशि मांगी गई है, राशि प्राप्त होते ही कर्मचारियों के खाते में डाली जाएगी। विनियमन के लिए भी शासन को पत्र लिखा है।
शमशाद पठान, सीएमओ नगरपरिषद शाढ़ौरा

119 वाहनों पर की चालानी कार्रवाई

जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस की प्रभावी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



अभियान के अंतर्गत अशोकनगर, मुंगावली एवं चंदेरी अनुभाग के सभी थाना क्षेत्रों में यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही के साथ आमजन को सुरक्षित यातायात व्यवहार के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा विशेष रूप से हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने, वैध ड्राइविंग लाइसेंस एवं वाहन दस्तावेज रखने तथा तेज गति, मोबाइल फोन के उपयोग एवं अन्य जोखिमपूर्ण यातायात व्यवहार से बचने की समझाइश दी गई।

मुस्कान पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को दिया सुरक्षा का संदेशः- अभियान के क्रम मेंअशोकनगर पुलिस द्वारा मुस्कान पब्लिक स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यातायात थाना प्रभारी अजीत सिंह नरवारिया एवं यातायात बल द्वारा विद्यार्थियों एवं स्कूल स्टाफ को ट्रैफिक सिग्नल, रोड साइन, रोड मार्किंग, जेब्रा क्रॉसिंग, लेन व्यवस्था तथा सुरक्षित सड़क पार करने के तरीकों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को समझाया गया कि हेलमेट एवं सीट बेल्ट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि दुर्घटना की स्थिति में जीवन की रक्षा करने वाले महत्वपूर्ण सुरक्षा साधन हैं। साथ ही विद्यार्थियों को अपने परिवारजनों को भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया।

जागरूकता के साथ नियमों के पालन पर प्रभावी कार्यवाही
थाना प्रभारी जीत सिंह नरवारिया के नेतृत्व में यातायात बल द्वारा सड़क सुरक्षा को प्रभावित करने वाले यातायात नियमों के उल्लंघनों पर कार्यवाही की गई। वहीं अशोकनगर, मुंगावली एवं चंदेरी अनुभाग के समस्त थाना क्षेत्रों में अभियान के तहत हेलमेट, सीट बेल्ट एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 119 वाहनों का चालान कर 41900 रूपये समन शुल्क बसूल किया गया। अशोकनगर पुलिस द्वारा अभियान के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया गया कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा के शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन



अशोकनगर। अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर में किया गया था,जिसमें जिसमें अखिल भारतीय राठौर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्षराम विलास राठौर की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें पवन राठौड़ मुख्य संरक्षक गुना की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।
जिसमें ईसागढ़ से जगदीश राठौर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रतिराम राठौर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयकुमार राठौर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप राठौर राष्ट्रीय मंत्री चंपालाल राठौर राष्ट्रीय मंत्री पदम राठौर राष्ट्रीय मंत्री सुनील राठौर पद की शपथ दिलाई गई। राठौर समाज की ओर से पवन राठौर गुना को ईसागढ़ राठौर समाज की तरफ से बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

कलेक्ट्रेट की तरह होती है ग्राम पंचायत खागल दुधराई में जनसुनवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ चन्देरी

जनपद पंचायत चन्देरी की ग्राम पंचायत खागल दुधराई में मध्यप्रदेश सरकार की जनहितैषी हितग्राही मूलक जनसुनवाई प्रत्येक मंगलवार को चालू की गई थी जिसके फलस्वरूप जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए चालू हुई थी।

प्रत्येक मंगलवार को ग्रामीण छेत्र की जनता जिला प्रशासन को अपनी व्यथा ओर काम न होने पर जनसुनवाई जिला कलेक्टर के पास सेकड़ो की जनसंख्या में अपने अपने आवेदन लेकर जाते थे इसके लिए कलेक्टर महोदय के निर्देश अनुसार आवेदनों को पंचायत स्तर पर ही निपटाने के लिए हर ग्राम पंचायत को मंगलवार को ब्यापक स्तर पर जनसुनवाई करके मौके पर ही आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए थे। जिसमे राजस्व विभाग महिला बाल विकास शिक्षा विभाग पंचायत विभाग बन विभाग सहित अनेक हितग्राहियों के हित मे कार्य करने वाले विभाग ग्राम पंचायत खागल दुधराई के पंचायत भवन में 11 बजे से 2 बजे तक ग्रामीण जनो की समस्या को सुनते हैं और मौके पर ही अधिकांस समस्यायों का समाधान करते है ग्राम पंचायत के सरपंच बलवीरसिंह यादव ने सचिव राजकुमार यादव के साथ पंचायत भवन में पंचायत के 6 ग्रामो से आये हुए हितग्राहियों को बैठने के लिए कुर्सियां ओर साफ स्वच्छ बातावरण हवा पानी की उत्तम व्यवस्था के साथ बैठाते है और उनकी समस्याओं का समाधान करते है ग्रामीणों की मूलभूत समस्या राशनकार्ड पेंसन प्रधानमंत्री आवास पीने का स्वच्छ पानी गलियों में नाली ओर आर सीसी रोड़ की रहती है जिसमे ग्राम पंचायत खागल दुधराई के सरपंच ओर सचिव ने मिलकर अधिकांस समस्याओं का समाधान कर लिया गया है।



आंगनबाड़ी केंद्र प्राणपुर में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित

अशोकनगर। जिले की चंदेरी विकासखंड के ग्राम प्राणपुर में मंगलवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मातृशक्ति एवं नन्हे-मुन्नों के साथ आत्मीय संवाद किया। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर बच्चों के बीच लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र वितरण किए गए तथा मातृशक्ति के सम्मान एवं स्वस्थ-सुखद भविष्य की मंगलकामना के साथ कार्यक्रम संपन्न कराया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविका एवं सहायिकाओं तथा माताओं को सम्मानित कर उनके समर्पण, सेवा और महत्वपूर्ण योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल पोषण और प्रारंभिक शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और मातृशक्ति के सशक्तिकरण की मजबूत नींव हैं। हमारा संकल्प है कि समाज के अंतिम पायदान तक सेवा, सम्मान और विकास का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि सेवा का यह संकल्प निरंतर जारी रहेगा।

लॉ कॉलेज में प्रैक्टिकल के नाम पर अनैतिक दबाव और बाहरी तत्वों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय सहित जिले के अन्य शिक्षण संस्थानों और विद्यालयों में जारी अवैध राजनीतिक गतिविधियों, परिसरों के दुरुपयोग तथा छात्रों पर बनाए जा रहे अनुचित दबाव के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर अशोकनगर को एक ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन का ध्यान शिक्षण संस्थानों में फैल रहे गंभीर नियमों के उल्लंघन, व्यापक राजनीतिकरण और छात्रों के हो रहे मानसिक व शैक्षणिक शोषण की ओर आकर्षित किया।

ज्ञापन में उठाए गए मुख्य मुद्दे और गंभीर आरोप

शासकीय कार्यालय का राजनीतिक दुरुपयोग
शासकीय नेहरू पीजी कॉलेज में क्रीड़ा अधिकारी के कक्ष/चेंबर में लगातार एक विशिष्ट छात्र संगठन के पदाधिकारियों को संरक्षण दिया जा रहा है। उक्त शासकीय कक्ष को अनधिकृत रूप से उनके कार्यालय की तरह संचालित किया जा रहा है, जो कि पूर्णतः असंवैधानिक और नियम विरुद्ध है। लॉ कॉलेज के प्रभारी द्वारा विशिष्ट छात्र संगठन की सदस्यता दिलाने के लिए छात्रों पर अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। प्रैक्टिकल व मौखिकी के नाम पर छात्रों को बुलाकर संगठन की सदस्यता लेने के लिए विवश किया जा रहा है और न मानने पर शैक्षणिक नुकसान पहुँचाने की धमकी दी जा रही है विद्यालयों व महाविद्यालयों का राजनीतिकरण केवल कॉलेज ही नहीं, बल्कि स्कूली स्तर पर भी शासकीय कार्यक्रमों में राजनीतिक छात्र संगठन के पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि या विशिष्ट अतिथि बनाकर बुलाया जा रहा है, जिससे शैक्षणिक वातावरण दूषित हो रहा है। महाविद्यालय परिसर में गैर-छात्रों और बाहरी असामाजिक तत्वों का निर्बाध प्रवेश बना हुआ है, जिससे आम छात्र-छात्राओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

एनएसयूआई की प्रमुख मांगें

1 शासकीय संपत्ति का दुरुपयोग बंद हो नेहरू पीजी कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी के कक्ष से बाहरी व्यक्तियों को तुरंत बाहर किया जाए।
2 परिसर में राजनीतिक गतिविधियों पर रोक लगे तथा इसमें संलिप्त अधिकारियों पर कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाए।
3 निष्पक्ष जांच व कार्रवाई प्रैक्टिकल के नाम पर छात्रों पर सदस्यता का दबाव बनाने वाले लॉ कॉलेज प्रभारी के खिलाफ निष्पक्ष जांच समिति गठित कर उन्हें तत्काल पदमुक्त किया जाए।
4 ग़ैर-छात्रों का प्रवेश प्रतिबंधित हो जो कॉलेज के नियमित छात्र नहीं हैं, उनके परिसर में प्रवेश पर पूर्णतः रोक लगाई जाए ताकि असामाजिक तत्वों को रोका जा सके।
5 राजनीति मुक्त शैक्षणिक परिसर सभी विद्यालयों व महाविद्यालयों के शासकीय कार्यक्रमों में दलीय छात्र संगठनों के पदाधिकारियों को अतिथि बनाने पर रोक लगे और भयमुक्त, पारदर्शी शैक्षणिक माहौल निर्मित किया जाए।

सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत किया गया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत सेवा मेरा योगदान थीम के तहत वृक्षारोपण गतिविधि का आयोजन किया गया। यह गतिविधि पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित एक पेड़ माँ के नाम अभियान का भी हिस्सा रही।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. विजय सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस गतिविधि का संचालन ईको क्लब के सौजन्य से डॉ. दीक्षा भट्ट के नेतृत्व में किया गया। महाविद्यालय के प्रवेश द्वार के आसपास 20 पौधों का रोपण किया गया, जिसमें नीम, अशोक एवं पारस पीपल जैसे पर्यावरणीय दृष्टि से उपयोगी पौधे शामिल रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी. के. सुराना, डॉ. अर्चना प्रसाद सहित अन्य समस्त शैक्षणिक स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। लगभग 50 विद्यार्थियों ने भी सक्रिय रूप से वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में ईको क्लब के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। संगीता अहिरवार एवं प्रवीण कौशिक ने गतिविधि के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अरविंद कौशिक ने मीडिया प्रभारी के रूप में कार्यक्रम के छायांकन एवं मीडिया संबंधी दायित्वों का निर्वहन किया। वृक्षारोपण के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों एवं महाविद्यालयीन स्टाफ ने लगाए गए पौधों की देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर तथा वृक्षों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।



भाजपा छोड़ युवाओं ने थामा कांग्रेस का दामन

ईसागढ़। भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका देते हुए कई दर्जन कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित सदस्यता कार्यक्रम में नवागत कार्यकर्ताओं का जोरदार स्वागत किया गया।
अशोकनगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाह एवं सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाह ने नवागत कार्यकर्ताओं एवं युवाओं को माला पहनाकर कांग्रेस परिवार में शामिल किया और पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष मानवेन्द्र सिन्हा ने कहा कि युवा, छात्र, किसान, महिला, मजदूर और व्यापारी सहित हर वर्ग भाजपा सरकार की नीतियों से त्रस्त है। यही वजह है कि लगातार लोगों का रुझान कांग्रेस की ओर बढ़ रहा है और बड़ी संख्या में युवा पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी सभी वर्गों के लोगों को कांग्रेस से जोड़ने की मुहिम जारी रहेगी।
कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अवधेश लोधी, मंडल अध्यक्ष पन्नालाल सेन सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं ईसागढ़ कांग्रेस सेक्टर अध्यक्ष देवेंद्र कुशवाह ने नवागत कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

ईसागढ़ में भक्ति भाव से जैन विमानोत्सव निकाले गए, बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़



नगर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया गया श्री जी के विमानोत्सव कार्यक्रम में ईसागढ़ के अतिरिक्त अन्य शहरों से भी श्रद्धालु शामिल हुए। यह चल समारोह जिन जिन मार्गों से निकला उन सभी मार्गों पर भगवान की आरती की गई और श्रीफल अर्पित किए गए।

ईसागढ़ का अति प्राचीन भव्य श्री 1008 पाश्र्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर जो कि 425 वर्ष पुराना है उसमें मूलनायक 1008 श्री पाश्र्वनाथ भगवान की अतिशकारी 689 वर्ष प्राचीन अत्यंत भव्य प्रतिमा जी विराज मान है। मंदिर में 1200 वर्ष तक प्राचीन जिन बिम्ब हैं आज विशाल चल समारोह पुराने मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होकर चुंगी नाका चैराहे पर स्थित श्री 1008 चन्द्रप्रभु जैन मंदिर पहुँचा वहां आरती भक्ति के बाद श्री जी का विमान जी चल समारोह प्राचीन जैन बगिया पहुंचे मुख्य मार्ग पर कई लोगों द्वारा विमान जी में चल रहे सभी धर्म प्रेमियों का जलपान कराकर स्वागत किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष शिवेंद्र यादव द्वारा किया गया भव्य स्वागत किया गया।

प्राचीन जैन बगिया पर श्री जी का अभिषेक आज सोधर्म इंद्र राजेंद्र कुमार जी सेवढ़ा वाले, ईशान इंद्र विनोद कुमार अशोकनगर, सानत कुमार इंद्र गिरीश कुमार सेंकी जैन ईसागढ़, महाइंद्र विजय कुमार मनीष कुमार ईसागढ़ को सौभाग्य मिला वही श्रीजी की शांति धारा करने का सौभाग्य रतिराम पवन कुमार जी कोहरवास व सुल्तान चंद्र दर्शन लाल हरिराम को मिला फूलमाल की धर्मेंद्र कुमार रिद्धांश कुमार रावसर व ज्ञान माल पीयूष कुमार आरव मुंगावली को मिला।

संपूर्ण 10 उपवास करने वाले शिवरार्थी आदि जैन, युग जैन, चीनू जैन, विकाश जैन का भी वीरेंद्र कुमार प्रवीण कुमार बड़कुल द्वारा प्रदान की गई। स्मृति चिन्ह सिरनाम सिंह, अंश प्रताप ओमप्रकाश अध्यक्ष जैन समाज ईसागढ़ वीरेंद्र बड़कुल एवं सुनील जैन, मनीष जैन कोषाध्यक्ष द्वारा प्रदान की गई। इस वर्ष सम्पूर्ण कार्यक्रम के स्थानीय जैन व बाहर से पधारे मेहमानों के सुरुचि भोज की व्यवस्था सुल्तान चंद्र शीलादेवी दर्शन लाल हरिराम राजेंद्र कुमार सुनील कुमार परिवार द्वारा की गई।

आंगनबाड़ी केंद्र मोहनीपुरा में किया आयोजन, राज्यमंत्री पंवार हुए शामिल

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में पोषण स्वास्थ्य एवं सम्मान का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड परियोजना ब्यावरा अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र मोहनीपुरा में आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र मोहनीपुरा में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार व अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन मुख्य अतिथि राज्यमंत्री पंवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों को राज्यमंत्री पंवार द्वारा आंगन मिलन सेवा एवं सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों तथा योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

पोषण किट का वितरण एवं हितग्राहियों का सम्मान

कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पोषण किट वितरित कर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं लाड़ली बहना योजना की पात्र महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विभागीय कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की गई। इस दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र की पोषण वाटिका में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों को पोषण वाटिका के महत्व तथा स्थानीय स्तर पर पौष्टिक आहार की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए इसके संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रेरित किया गया।

बच्चों के लिए खेल एवं आनंदमयी गतिविधियां

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम को बच्चों के लिए आनंदमय एवं रोचक बनाने के उद्देश्य से विभिन्न खेल, मनोरंजन एवं आनंदमयी गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए खेल एवं गतिविधियों का आनंद लिया। कार्यक्रम के माध्यम से बब्बों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ आंगनबाड़ी केन्द्र को समुदाय से जोड़ने का संदेश भी दिया गया।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का किया आयोजन

कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अमले ने स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कार्यक्रम के माध्यम से पोषण, स्वास्थ्य, मातृ एवं शिशु देखभाल तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

3 अक्टूबर को सारंगपुर में होगी मतगणना

सुल्तानिया में सरपंच पद के लिए मतदान संपन्न, 8 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



सुल्तानिया ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिए मंगलवार को उपचुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। पंचायत के चार मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदाताओं ने ईवीएम के माध्यम से अपने पसंदीदा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया। पंचायत में कुल 2578 मतदाता हैं, जिनमें से करीब 1679 मतदाताओं ने मतदान किया 65 जो प्रतिशत रहा।

पूर्व सरपंच को जिला बदर किए जाने तथा पद से पृथक किए जाने के बाद पंचों के माध्यम से सरपंच का उपचुनाव कराया गया था। इसके करीब दो माह बाद निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आम निर्वाचन कराया गया। हालांकि इन दिनों क्षेत्र में सोयाबीन कटाई का काम जोरों पर चलने के कारण मतदान को लेकर मतदाताओं में अपेक्षाकृत कम उत्साह नजर आया। कई मतदाता खेती के काम में व्यस्त रहे और मतदान केंद्रों पर इक्का-दुक्का मतदाता ही पहुंचते दिखाई दिए। मतदान सम्पन्न होने के बाद सरपंच पद के लिए मैदान में उतरे आठ प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। अब 3 अक्टूबर को सारंगपुर स्थित स्ट्रांग रूम में मतगणना के दौरान परिणाम सामने आएगा। मतदान समाप्त होने के बाद पुलिस एवं सुरक्षा बल की मौजूदगी में ईवीएम मशीनों को सारंगपुर स्थित स्ट्रांग रूम में जमा कराया गया। इससे एक दिन पूर्व पुलिस एवं प्रशासन ने मार्च निकालकर मतदाताओं को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान के लिए जागरूक किया था।

वार्षिक साधारण सभा में प्रस्तुत किया लेखा-जोखा, कई महिलाएं बनीं लखपति दीदी



लखनवास। मप्र दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत मिलन संकुल संगठन लखनवास की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया। सभा में सीएलएफ अध्यक्ष वेजंतीबाई एवं सचिव मंजूबाई द्वारा साल भर के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान समूह की बचत, बैंक लिंकेज, ऋण लेन-देन एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्यावरा ब्लॉक अधिकारी अर्जुन परमार, दीपक, सीएलएफ कर्मचारी कमलेश लववंशी, लखन पुरी, भावना पुरी सहित संकुल से जुड़े सभी ग्राम संगठन एवं स्व-सहायता समूहों की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। सभा में सेमलापार, खेजड़ा महाराज, लखनवास सहित अन्य गांवों की महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए। महिलाओं ने बताया कि आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद वे आत्मनिर्भर बनी हैं। कई महिलाएं लखपति दीदी बनी हैं तो कई महिलाएं खुद का रोजगार संचालित कर परिवार को आर्थिक मजबूती दे रही हैं।

बसपा कैडर कैंप में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

बहुजन समाज पार्टी का एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कैडर कैंप शहर के भोपाल बायपास स्थित एक होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों को लेकर मार्गदर्शन दिया गया।

मुख्य अतिथि बसपा प्रदेश अध्यक्ष जियालाल अहिरवार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी को हर स्तर पर मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को पूरी एकजुटता के साथ जुटना होगा। उन्होंने संगठन की मजबूती और बसपा की नीतियों तथा विचारधारा को जमीनी स्तर और हर घर तक पहुँचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रामबाबू शिवहरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बसपा जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह वर्मा ने की। संचालन जिला महासचिव देसराज गोलिया ने किया।

इस दौरान जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रेमनारायण दांगी, जिलासचिव दिनेश राठौर, पूर्व डिप्टी कलेक्टर व पूर्व प्रत्याशी गोपाल सिंह भिलाला, पूर्व जिला अध्यक्ष जमनालाल अहिरवार, रुस्तमसिंह इंदौरिया, विनोदकुमार, विधानसभा महासचिव राहुल वर्मा, कोषाध्यक्ष देवकरण, सचिव उद्यम सिंह डुंगरिया, एडवोकेट मोहन वर्मा, प्रेम सुतारिया, दीपक चैधरी, सोनू वर्मा, अरविंदसिंह, मनोज वर्मा और अभिषेक मंडेरिया सहित बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वच्छता अभियान में शामिल हुए भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर

जन जल यात्रा में कपिलेश्वर घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया



सारंगपुर। कालीसिंध नदी किनारे कपिलेश्वर मंदिर परिसर में घाट की सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाकर पौधारोपण किया। जानकारी के अनुसार गुजरात के बड़नगर से वाराणसी तक निकाली जा रही जन जल यात्रा के सारंगपुर पहुंचने पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। यात्रा का नगर में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इसके बाद बाइक रैली के माध्यम से यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से निकाली गई। रैली में एक वाहन में कलश रखा गया था, जिसे नगर भ्रमण कराया गया। यात्रा के तहत भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर कालीसिंध नदी किनारे स्थित कपिलेश्वर मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। इस दौरान घाट एवं मंदिर परिसर की साफ-सफाई की गई। अभियान के माध्यम से स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके बाद परिसर में पौधरोपण कर भगवान कपिलेश्वर की पूजा अर्चना की।

कार्यक्रम में श्याम टेलर ने कहा कि नदियों और धार्मिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना सामूहिक जिम्मेदारी है। पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की आवश्यकता है। जन जल यात्रा का उद्देश्य जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना भी है। इस अवसर पर राजगढ़ जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष केपी पंवार, विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल,भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, कमल राठौर सहित भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान में सहभागिता करते हुए परिसर को स्वच्छ रखने का संकल्प भी लिया।

पुत्र के हमले से घायल पिता की इलाज के दौरान मौत





सारंगपुर। लीमाचौहान थाना अंतर्गत ग्राम दयाखेड़ी में सोमवार को शराब के नशे में एक पुत्र द्वारा अपने पिता के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया था। हमले में गंभीर रूप से घायल पिता की उपचार के दौरान इंदौर में मौत हो गई। घटना के बाद से आरोपी पुत्र फरार है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

जानकारी अनुसार ग्राम दयाखेड़ी निवासी रामलाल मालवीय के साथ उनके पुत्र राजा मालवीय उर्फ सोनू ने शराब के नशे में मारपीट की थी। मारपीट में रामलाल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना मिलने पर डायल-112 की मदद से उन्हें उपचार के लिए सारंगपुर सिविल अस्पताल लाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए शाजापुर रेफर कर दिया था। शाजापुर में उपचार के दौरान भी हालत गंभीर बनी रहने पर चिकित्सकों ने रामलाल मालवीय को इंदौर रेफर किया। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस आरोपी राजा मालवीय की तलाश में जुटी है।

अतिथियों और उपस्थितजनों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया

पाडल्यामाताजी में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं का किया सम्मान



सारंगपुर। आंगन सेवा अभियान के तहत ग्राम पाडल्यामाताजी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ताओं, बच्चों एवं मातृशक्ति के सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा कार्यकर्ताओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, पोषण एवं महिला-बाल विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

कार्यक्रम प्रभारीएवं गुलावता मंडल महिला मोर्चा संयोजक संजना सिंह चौहान, ग्राम पंचायत सरपंच सुभाष चंद्र पाटीदार, मंडल महामंत्री रघुराज सिंह सोलंकी, मीडिया प्रभारी विष्णु नायक, आयुष चिकित्सक जीवन सिंह कलमोदिया, महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर भावना पुष्पद सहित शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने बच्चों एवं आंगनबाड़ी केंद्र की गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों और महिलाओं से जुड़ी सेवाओं का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं उपस्थितजनों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। पौधों की देखभाल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

खटारा बोलेरो पीकअप से हो रही शहर में गैस टंकियों की सप्लाई, हादसे का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



इस समय ब्यावरा शहर में क्या चल रहा है, यह किसी से छीपा नहीं है। यहां पर रसूकदारों के आगे पुलिस प्रशासन भी बोना साबित होता हुआ नजर आ रहा है। स्थानीय सिटी पुलिस गरीब लोगों पर तो प्रतिदिन चालानी कार्रवाही करती हुई दिखाई देती है। ऐसी स्थिति में गरीब अपने घर वापस खाली हाथ ही पहुंचता है। लेकिन शहर में रसोई गैस की खटारा बोलेरो वाहन पर पुलिस का चालान नहीं चल पाता है। इस गाड़ी से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन जिम्मेदार इस पर कार्रवाही करने के बजाय बोना साबित हो रहे हैं। जिस एजेंसी के संचालक द्वारा ब्लैक में रसोई गैस की टंकिया बैंच कर लाखों रुपए महीना कमाया जाता है, उसके द्वारा शहर में दौड़ाई जा रही खटारा बोलेरो पर कोई कार्रवाही पुलिस द्वारा दिखाई नहीं गई है। शहर के युवा इस बोलेरो वाहन का फोटो सोशल मीडिया पर डालकर सवाल खड़े करते नजर आए हैं।

रॉयल हाईट्स हायर सेकंडरी स्कूल में पद ग्रहण व शपथ समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर के रॉयल हाईट्स हायर सेकंडरी स्कूल में पदभार ग्रहण एवं शपथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संचालक रणधीर सिंह, संस्था प्रबंधक यशवर्धन सिंह, वरिष्ठ कोऑर्डिनेटर पुष्कर पटेल, भोला सेन ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। समारोह में विद्यालय के नव निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों को उनके दायित्वों की जानकारी देते हुए पदभार ग्रहण कराया गया। उन्हें विद्यालय की गरिमा, अनुशासन और जिम्मेदारियों के निर्वहन की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों ने पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य रणधीरसिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में पद केवल सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का भी प्रतीक होता है। विद्यालय में नेतृत्व की जिम्मेदारी प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अनुशासन, ईमानदारी, सहयोग और नेतृत्व क्षमता का परिचय देते हुए अन्य विद्यार्थियों के लिए आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। इन्वेस्टीचर सेरेमनी विद्यार्थियों को नेतृत्व क्षमता, भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए तैयार करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। समारोह में विद्यालय परिवार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व महिलाओं का सम्मान, आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित

भाजपा सरकार ने बेटियों को लाड़ली लक्ष्मी और बहनों को लाड़ली बहना बनाया : सविता तायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू हुए सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को वार्ड क्रमांक 9 और 10 पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा की पूर्व जिला मंत्री और इस अभियान की मंडल प्रभारी सविता तायल, भाजपा नेत्री पुष्पा मोहन पंवार,आशा शर्मा,पार्षद तारादेवी जाटव, रूचि बंडोने, वरिष्ठ पार्षद सुनीता विश्वकर्मा,मोना अवस्थी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव,भाजपा वरिष्ठ नेता गोपाल जाटव,नपा पार्षद प्रतिनिधि इकबाल हुसैन युवा मोर्चा अध्यक्ष गिरराज लववंशी उपस्थित रहे।

इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका, पोषण सखी सहित दीदियों के साथ स्थानीय महिलाओं और बुजुर्गों महिलाओं को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित सभी महिलाओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। पूर्व जिला मंत्री तायल कहा कि केंद्र सरकार विकसित भारत के संकल्प के साथ जनकल्याण के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री का संदेश भी सभी बहनों को सुनाया गया और मध्य प्रदेश की सरकार डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में काम कर रही है। भाजपा सरकार ने प्रदेश की लाखों बेटियों को लाड़ली लक्ष्मी बनाया है और प्रदेश की करोड़ों बहनों को लाड़ली बहना योजना से जोड़ा है। हर महीने 1500 से रुपए बहनों को दिए जा रहे हैं। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अर्चना यादव, तनूजा चौरसिया, रीता जाटव, गुंजा कुशवाह, बबली जाटव, मेडम श्रीवास आंगनबाड़ी सुपरवाइजर सरोज पाटिल सहित अन्य बहनें उपस्थित रहीं।